प्रादेशिक समाचार

26.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के चयन को लेकर प्राप्त आवेदनों पर हुआ मंथन, राज्यपाल के पास भेजी जायेगी चयनित नामों की सूची।

2. पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्र ने रामनवमी को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक, हजारीबाग में पुलिस ने एक सप्ताह में सातवीं बार निकाला फ्लैग मार्च।

3. झारखंड हाईकोर्ट ने आठ खनन लीज धारकों के खिलाफ एसीबी के आवेदन पर कैबिनेट सचिवालय एवं निगरानी विभाग को चार सप्ताह में निर्णय लेने का दिया निर्देश।

4. झारखंड में अगले 2–3 दिनों में तापमान में उतार–चढ़ाव और बारिश की संभावना, रामनवमी के दिन तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट जारी।

5. खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड की महिला फुटबॉल टीम ने अपने पहले लीग मैच में सिक्किम को 11–0 से हराकर की शानदार शुरुआत।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर चयन समिति की बैठक हुई। इस दौरान कार्मिक विभाग की ओर से समिति को सौंपे गये आवेदनों पर चर्चा की गयी। चयन समिति ने उम्मीदवारों की योग्यता, अनुभव और सार्वजनिक जीवन में योगदान पर मंथन किया। चयन समित चयनित नामों की अनुशंसा राज्यपाल को भेजेगी।

बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बताया कि सूचना आयुक्त के लिए लगभग 450 आवेदन आए हैं, स्क्रूटनी के बाद नामों पर विचार किया जा रहा है। सरकार बहुत जल्द अंतिम निर्णय लेगी।

**********************

पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्र ने कल पुलिस अधिकारियों के साथ रामनवमी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। रांची एसएसपी कार्यालय में आयोजित बैठक में विधि–व्यवस्था और सुरक्षा, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील, भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, शोभायात्रा रूट का भौतिक सत्यापन करने, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया।

**********************

हजारीबाग जिले में रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन ने देर शाम फ्लैग मार्च निकाला। एसडीओ आदित्य पांडेय ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में जिला प्रशासन ने सातवीं बार फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा के व्यापक इंतजाम का संदेश दिया।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने आठ खनन लीज धारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने कैबिनेट सचिवालय एवं निगरानी विभाग के प्रधान सचिव को चार सप्ताह में एसीबी के पत्र पर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। पत्र के माध्यम से दो सितंबर 2025 को एसीबी ने उक्त खनन लीज धारकों के खिलाफ प्रारंभिक जांच की अनुमति मांगी थी।

**********************

भूमि घोटाले से जुड़े मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे की जमानत याचिका पर कल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता ने एसीबी के जवाब पर अपना पक्ष दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी।

**********************

गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने लोकसभा में कल अपने संसदीय क्षेत्र सहित देशभर के केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत ठेका श्रमिकों की समस्याओं को उठाया। उन्होंने सदन में कहा कि ठेका श्रमिकों को कई स्थानों पर केंद्रीय न्यूनतम मजदूरी नहीं दी जा रही है। उन्होंने केंद्र से ठेका मजदूरों के हित में विचार करने का आग्रह किया।

**********************

मिशन रफ्तार के तहत ग्रैंडकॉर्ड रेलखंड के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से धनबाद जंक्शन तक कल 180 किमी प्रति घंटे तक की गति से स्पेशल ट्रेन का सफल ट्रायल किया गया। पूर्व मध्य रेल के जीएम छत्रसाल सिंह ने बताया कि पिछले साल 160 किलोमीटर प्रति घंटे के मुकाबले में इस बार 180 स्पीड के लक्ष्य को हासिल किया गया।
वहीं धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्र ने इस ट्रायल को सफल बताया।

**********************

सीबीआई ने रेलवे के चीफ कॉमर्शियल इंस्पेक्टर हिमांशु शेखर को बिल भुगतान करने के एवज में 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जांच टीम ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार हिंमांशु शेखर ने 8 लाख 70 हजार के लंबित बिल पास करने के लिए कुल 10 प्रतिशत रिश्वत मांगी थी। इस मामले में सीनियर डीसीएम शुचि सिंह से भी पूछताछ की गयी।

**********************

जामताड़ा पुलिस ने बिंदापाथर थाना अंतर्गत पगला मोड के समीप और नारायणपुर थाना अंतर्गत झिलूवा गांव से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना प्रभारी राजेश मंडल ने बताया कि इन साइबर अपराधियों को जामताड़ा मंडल कारा भेज दिया गया है।

**********************

चतरा जिले के हंटरगंज शेरघाटी मुख्य मार्ग पर कल शाम भीषण सड़क दुर्घटना में महिला–पुरुष और बच्चे सहित 30 लोग घायल हो गए। सभी ट्रैक्टर पर सवार होकर कौलेश्वरी पहाड़ जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक खाली ट्रैक्टर ने श्रद्धालुओं से भरे ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिससे श्रद्धालुओं से भरा ट्रैक्टर गड्ढे में जा गिरा।

**********************

मौसम विभाग ने 27 मार्च से कई जिलों में मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जतायी है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 27 और 28 मार्च को तेज हवा 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है। 29 और 30 मार्च को भी कुछ इलाकों में हल्की बारिश और बादल छाए रहने की स्थिति बनी रहेगी।

**********************

रायपुर में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड की महिला फुटबॉल टीम ने अपने पहले लीग मैच में सिक्किम को 11–0 से हराकर शानदार शुरुआत की। इस प्रतियोगिता में झारखंड के 107 खिलाड़ी एथलेटिक्स, हॉकी, तीरंदाजी, भारोत्तोलन, तैराकी और फुटबॉल में पदक के लिए भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने टीम की जीत पर बधाई दी है।

**********************

## प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने बिजली बिल में 50 से 55 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोत्तरी की खबर को प्रमुखता से प्रकााशित किया है। इसके अलावा... दैनिक भास्कर ने पीएनजी कनेक्शन लेने की बाध्यता से जुड़ी खबर को पहले पेज पर जगह दी है। हिन्दुस्तान की सुर्खी है– माइनिंग में आईआईटी धनबाद देश में नबंर वन। प्रभात खबर ने लिखा है– ट्रंप ने पाकिस्तान के हाथों भेजा शांति प्रस्ताव, ईरान ने ठुकराया। वहीं दैनिक जागरण ने रांची में रेलवे के चीफ कॉमर्शियल इंस्पेक्टर को 50 हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किये जाने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

*********समाप्त**********